वि.वि. अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, जबलपरु में आयोजित

जबलपुर 29 जुलाई 2022 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमो की श्रृंखला में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन एवं अभिप्रेरणा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, अतिथि डॉ. एस.सी. दुबे तथा अधिठाता डॉ. आर के शर्मा द्वारा, माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। यह एक दिवसीय सेमिनार पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा विषय **बायोटेक्नोलॉजिकल अप्रोच टू मीट गेट इमर्जिंग रीइमर्जिंग एंड ट्रांस बाउंड्री डिजीज** पर सभागार में आयोजित किया गया, यह सेमिनार डी.बी.टी. द्वारा वित्त पोषित है। इस सेमिनार में क्षेत्र के जाने–माने विशेषज्ञ डॉ. एस.सी. दुबे ने

इस्टाब्लिशमेंट ऑफ बायो सैफ्टी लैबोरेटरी, डॉ अश्विन रावत ने मेटावेरोमिक्स एंड जीनोमिक्स बेस्ड स्ट्रेटजी फॉर आउट ब्रेकिंग इन्वेस्टिगेशन एंड इमरजिंग डिसीज डायग्नोसिस, डॉ. मेघा कटारे डॉ. पांडे तथा डॉ ए.पी. सिंह ने एप्लीकेशन ऑफ बायोटेक्नॉलॉजीकल टूल्स फॉर डायग्नोसिस ऑफ मर्जिंग एंड रीमर्जिंग डिसीज जैसे शीर्षक पर महत्त्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए।

मंचासीन अतिथियों द्वारा सेमिनार की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। सेमिनार में भारी संख्या में लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संपूर्ण कार्यक्रम अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व में तथा रूप रेखा आयोजन सचिव व सह–सचिव डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ अंजू नायक द्वारा तैयार कि गई। कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ सुनील नायक, डॉ. मधु स्वामी डॉ. लखानी, डॉ. जी. दास, डॉ कारमोरे, डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ मोहन सिंह, एवं समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पूनम शाक्य, डॉ. अजय राय, डॉ अमिता दुबे, डॉ वैशाली खरे, डॉ. गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. पूनम शाक्य तथा आभार व्यक्त डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर